








नवभारत
सतना, मंगलवार 24 फरवरी, 2026


# तेज गरज के साथ रिमझिम बारिश, किसानों की बढ़ी धड़कन

## जिले के कुछ हिस्सों में हुई तेज बारिश, दिन भर बने रहे बादल, गेहूं की फसल को फायदा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 फरवरी, पिछले कई दिनो से बादल आ जा रहे थे सोमवार को सुबह बादल थे और दोपहर 12 बजे तेज गरज के साथ रिमझिम बारिश शुरू हुई. शहर सहित जिले के कई हिस्सो में तेज बारिश हुई है हालाकि फसलो को कोई नुकसान नही हुआ है. अगर आंधी के साथ तेज बारिश होती तो दलहन एवं तिलहन फसल को ज्यादा नुकसान हो. वही गेंहू की फसल को फायदा पहुंचता. लेकिन जहा पर तेज बारिश हुई है वहा गेंहू की फसल को लाभ होगा.**



मौसम के मिजाज को लेकर किसान अपनी फसलो को देखते हुए चिंतित है. ओलावृष्टि को लेकर सबसे ज्यादा किसान परेशान है. गौरतलब है कि पिछले कई दिनो से आसमान में बादल बने थे और उमस भरी गर्मी थी. रात का न्यूनतम तापमान 15.3 डिग्री पहुंच गया. सुबह से बादल छाये हुए थे दोपहर 12 बजे अचानक तेज गरज के साथ रिमझिम बारिश शुरू हो गई. जिले के कुछ हिस्सो में केवल बूंदाबांदी हुई तो कही तेज बारिश हुई. दिन भर बादल छाये रहे बारिश के बाद ठंड हवाएं चलती रही. दिन का अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री रहा, वही चार किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलती रही. मौसम विभाग ने पहले ही संकेत दिये थे कि सोमवार को तेज गरज के साथ झमाझम बारिश हो सकती है. अच्छी बात यह है कि ओलावृष्टि नही हुई, जबकि पड़ोसी जिले में ओलावृष्टि हुई है. अगर ओलावृष्टि होती तो ज्यादा नुकसान होता. हालाकि आंधी के साथ जहा तेज बारिश हुई है वहा गेंहू की फसल धराशाई हो गई है. मौसम विभाग की माने तो 24 घंटे के अंदर एक बार फिर बूंदाबांदी होने की संभावना है. इस समय तेज बारिश से केवल गेंहू की फसल को फायदा हो सकता है और कोई फसल को फायदा नही होगा. किसान अपनी फसल को लेकर चिंतित है जिस तरह से मौसम बना हुआ है.

### दलहन-तिलहन फसल को नुकसान हो सकता है

जिले में इस समय दलहन-तिलहन फसल पकने के कगार पर है. कई जगह राई की कटाई भी शुरू हुई पर जिस तरह से मौसम बना है उसको लेकर किसान चिंतित है. राई, मसूर, चना, अलसी की फसल लगभग पकने के कगार पर है. ऐसे में बारिश से नुकसान होने की संभावना है. जबकि अभी गेंहू की फसल को बारिश से कोई नुकसान नही बल्कि फायदा ही होगा. किसान फसलो को लेकर चिंतित है. कृषि वैज्ञानिक डा. अजय कुमार का महना है कि अगर तेज बारिश के साथ आंधी चलेगी तो भी फसलो को नुकसान होगा और अभी के बारिश से केवल दलहन एवं तिलहन की फसल को नुकसान हो सकता है अगर तेज बारिश होती है तो, जिस तरह से सोमवार को बारिश हुई है उससे फसलो को कोई खास नुकसान ही है. हालाकि गेंहू की फसल को इस पानी से फायदा मिलेगा.

# अतिक्रमण हटाने का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने सड़क पर लगाया जाम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 फरवरी, रीवा जिले के गुढ़ तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरास में हाईकोर्ट के निर्देश के बाद अतिक्रमण हटाए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे 39 रीवा सीधी मार्ग पर महसांव में चक्काजाम कर दिया है.**

अतिक्रमण की कार्यवाही के विरोध में ग्रामीणों द्वारा किए गए चक्काजाम की सूचना मिलते ही एसडीएम सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया है वहीं ग्रामीण अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर आक्रोशित हैं. ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन द्वारा दो तरफा कार्रवाई की जा रही है उन्होंने कहा कि शासकीय तालाब में तकरीबन दो दर्जन से ज्यादा लोगों द्वारा झोपड़ी बनाई गई है कुछ लोगों द्वारा यहां निवास भी किया जा रहा है. ग्रामीणों ने बताया कि इनमें से कुछ लोगों को चिन्हित कर प्रशासन द्वारा भवन दे दिए गए हैं लेकिन कुछ लोगों को नजरअंदाज किया जा रहा है. बताया गया है कि बीते तीन दिनों से यहां अतिक्रमण की कार्रवाई जारी है इसके विरोध में आज ग्रामीणों ने हजारों की संख्या में रीवा सीधी मार्ग के महासाव में चकाजाम कर दिया है. बताया गया है कि यह चकाजाम बीते 1 घंटे से जारी है जिसके चलते सड़क के दोनों ओर से वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है फिलहाल आक्रोशित ग्रामीण कार्रवाई का विरोध करते हुए अधिकारियों की भी बात सुनने को तैयार नहीं है, बाद में जाम हटा.

### टैंक में ब्लास्ट करने से कई मकान हुए क्षतिग्रस्त

शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर नगर में निजी भवन निर्माण के दौरान टैंक में बारूद से किए गए ब्लास्ट से आसपास के तकरीबन आधा दर्जन मकान क्षतिग्रस्त हो गए जबकि कुछ लोग घायल भी हुए है. पीड़ितों द्वारा घटना की शिकायत संबंधित थाने में दर्ज कराई गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची. घटना के संबंध में पीड़ितों ने बताया कि अंबेडकर नगर में एक चिकित्सक द्वारा अपने दामाद का निजी मकान का निर्माण कराया जा रहा है. जहां टैंक की खुदाई के लिए तकरीबन 5 फिट गड्ढा किए जाने के बाद उसमें बारूद लगा दिया गया जिसमें हुए विस्फोट से तकरीबन आधा दर्जन घर क्षतिग्रस्त हुए हैं वहीं कुछ लोग घायल भी हुए हैं. पीड़ितों ने तत्काल घटना की शिकायत विश्वविद्यालय थाने में दर्ज कराई. पीड़ितों का आरोप है कि ब्लास्ट करने वाले व्यक्ति द्वारा उन्हें जान से मारने की भी धमकी दी गई है, पुलिस जांच कर रही है.

# दोस्तों के साथ खेल रहे मासूम की नहर में गिरने से मौत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 फरवरी, सेमरिया थाना अन्तर्गत दोस्तो के साथ खेल रहा मासूम नहर में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई.**

दोस्तों के साथ नहर के किनारे खेल रहा 9 वर्षीय मासूम अचानक पांव फिसलने से नहर में गिर गया जिससे वह पानी की गहराइयों में समा गया. मासूम को जब तक नहर से बाहर निकाला जाता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी घटना सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुल्लू की बताई गई है.

घटना के संबंध में मृतक रोहन साकेत उम्र 9 वर्ष के परिजन राकेश साकेत निवासी ग्राम कुल्लू ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका बेटा बीटू शाम तकरीबन 4 बजे गांव के ही कुछ बच्चों के साथ नहर के किनारे खेल रहा था. इसी दौरान अचानक रोहन का पांव फिसल गया और वह नहर में जा गिरा जैसे ही रोहन नहर में गिरा तो उसके साथ खेल रहे बच्चों ने हल्ला गोहार मचाना शुरू कर दिया. बच्चों की आवाज सुन कर ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और रोहन को नहर से सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास शुरू कर दिए. बताया गया है कि रोहन को जब तक नहर से बाहर निकाला जाता तब तक उसकी जान निकल चुकी थी जिसके बाद मृतक के शव को पीएम के लिए अस्पताल लाया गया जहां उसका पीएम कराया जा रहा है. शव परिजनों को सौंप दिया गया.

# रोजगार मेला टीआरएस कॉलेज में कल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 फरवरी, युवा संगम कार्यक्रम के तहत टी.आर.एस. कॉलेज रीवा में 25 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा.**

रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. कलेक्टर ने मेला के आयोजन के लिये विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं.

रोजगार मेले में 44 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. वेतन एवं भत्ते 7000 रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है.

## संक्षिप्त

### समीक्षा बैठक का आयोजन आज

**रीवा,** कमिश्नर बीएस जामोद आगामी ऑनलाइन कार्यक्रम के चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों की समीक्षा 24 फरवरी को समय सीमा बैठक में करेंगे. कमिश्नर कार्यालय में यह बैठक सुबह 11 बजे से आयोजित की जायेगी. संबंधितों को बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं.

### डीएलसीसी की बैठक कल

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक 25 फरवरी को शाम 4 बजे आयोजित की गई है. कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में विभागीय अधिकारियों एवं बैंकर्स को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं.

### संभागीय टीएल बैठक आज

**रीवा,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 24 फरवरी को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय में टीएल पत्रों की समीक्षा करेंगे. बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, ई आफिस, समाधान ऑनलाइन, संकल्प से समाधान अभियान, कलेक्टर-कमिश्नर कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं, पेंशन प्रकरणों एवं जारी किए गए पीपीओ के विरूद्ध भुगतान की समीक्षा की जाएगी. बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं.

### लोकायुक्त का चालान तीन माह में प्रस्तुत हो

**रीवा,** रीवा संभाग में भ्रष्टाचार व घूंस होने के आरोपित कर्मचारी जो लोकायुक्त द्वारा रंगे हाथ पकड़े जाते हैं उनका चालान विभाग प्रमुख द्वारा 5 से 10 साल बाद प्रस्तुत किये जाते हैं. जिससे कर्मचारी खुले आम और तीव्रता से भ्रष्टाचार करता है. उक्त कथन शिक्षक संघ म.प्र. के प्रांतीय उपाध्यक्ष व सेवा निवृत्त प्राचार्य राजेन्द्र सिंह ने व्यक्त किये. श्री सिंह ने शासन से अपेक्षा व मांग की है कि लोकायुक्त द्वारा ट्रेप कर्मचारी के खिलाफ 3 महीने के अन्दर चालान प्रस्तुत किया जाए जिससे अपचारित कर्मचारियों में भय का वातावरण स्थापित हो सके. गौरतलब है वर्तमान में ट्रेप हुए कर्मचारी बेखौफ होकर 5 से 15 वर्ष तक शासन का कार्य करते हैं और उनके निलम्बन की कार्यवाही नहीं होती जिससे वे बेखौफ होकर और अधिक भ्रष्टाचार करते हैं. हाल वहीं हैं गलती करके भी सामान्य कर्मचारीयों से लूट खसोट करते हैं. श्री सिंह ने मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री से मांग की है कि ट्रेप हुये कर्मचारियों के चालान जल्द प्रस्तुत किये जायें.



### सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

**रीवा,** यमुना प्रसाद शास्त्री महाविद्यालय सिरमौर के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन शासकीय पूव माध्यमिक विद्यालय सदहना मे एडवोकेट अंकिता पाण्डेय सह बौद्धिक प्रमुख राष्ट्र सेविका समिति महाकौशल प्रांत के मुख्य अतिथि मे संपन्न हुआ. एडवोकेट अनन्त शयनम शास्त्री भी अतिथि के रूप मे शामिल हुए .कार्यक्रम की अध्यक्षता यमुना प्रसाद शास्त्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ओपी द्विवेदी द्वारा किया गया विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापक सेवानिवृत्ति डा. रामगोपाल पांडे डॉ एसके दुबे अशोक द्विवेदी डॉक्टर कीर्ति कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे. कार्यक्रम प्रभारी डॉ प्रवीर चंद दुबे ने बताया कि सात दिवसीय शिविर सम्वयक अधिकारी अभिमन्यु सिंह के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. 7 दिवसीय शिविर में जागरूकता रैली मतदाता जागरूकता स्वास्थ्य शिक्षा नारी सशक्तिकरण भाषण प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता सांस्कृतिक गतिविधियों पर शिविर में उपस्थित छात्राओं ने कार्य किया .शिविर में भाग लेने वाली छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया.

# चोरी का इनामी आरोपी लगा पुलिस के हाथ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 फरवरी, बैकुंठपुर पुलिस ने दिनदहाड़े सूने आवास में अपने साथियों के साथ चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है. जबकि वारदात में शामिल दो आरोपी पूर्व में ही गिरफ्तार किये जा चुके हैं.**

बैकुंठपुर थाना प्रभारी घनश्याम मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया की बीते चार माह पूर्व ग्राम तेंदून निवासी राजेंद्र साहू के सूने आवास में तीन अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े घुसकर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया था. मामले में दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया गया था. जबकि एक आरोपी सद्दाम खान निवासी निपनिया फरार था जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा साढ़े तीन हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था. आरोपी को मऊगंज पुलिस ने पकड़ा था जिसने 22 हजार रुपए की लूट की वारदात को अंजाम दिया था. जिसके बाद बैकुंठपुर पुलिस ने आरोपी से पूंछताछ की.

# खसरा अपडेट न करने वाले पटवारियों के खिलाफ होगी निलंबन की कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 फरवरी, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की.**




कलेक्टर ने महिला बाल विकास, राजस्व एवं खाद्य विभाग की लंबित शिकायतों को निराकृत करने के निर्देश दिये. उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग अन्तर्गत नामांतरण, बटवारा, सीमांकन तथा खसरा अपडेट के लंबित प्रकरणों का निराकरण करायें तथा जिन हल्कों के पटवारियों द्वारा खसरा अपडेट न किये गये हो वहां के पटवारियों के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही एसडीएम करें. उन्होंने निर्देश दिये कि कोई भी विभाग डी या सी श्रेणी में न रहे जो विभाग इस श्रेणी में हों उनके विभाग प्रमुख की वेतन वृद्धियाँ रोके जाने की कार्यवाही की जाय. सभी अधिकारी समाधान एक दिन तथा लोक सेवा गारंटी योजना के आवेदनों का तय समय सीमा में निराकरण करें. प्रकरणों के समय सीमा से बाहर होने पर जुर्माने की कार्यवाही करें. कलेक्टर ने धरती आबा योजना में शामिल गांवों के हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किये जाने, किसानों के शेष बची फार्मर रजिस्ट्री के लिये ईकेवायसी अपडेट कराने के भी निर्देश बैठक में दिये. बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर मौजूद रही.

# अनूपपुर पटवारियों के समर्थन में लामबंद हुए रीवा के पटवारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 फरवरी, मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल के आह्वान पर प्रदेश के समस्त जिलों के साथ साथ रीवा जिले के पटवारियों ने प्रमुख सचिव राजस्व और सी एल आर भू संशाधन एवं प्रबंधन के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है.**



ज्ञात हो कि विगत दिनों से अनूपपुर जिले में पटवारियों के खिलाफ कलेक्टर द्वारा की गई मनमानी और तानासाही पूर्ण रवैये से पिछले कई दिनों से जिले के पटवारी हड़ताल पर है. अनूपपुर जिले में जैतहरी तहसील के समस्त पटवारियों का वेतन जुलाई 2025 में रोका गया था जो कि आज तक भुगतान नही किया गया है. अनूपपुर जिले के पटवारियों की समस्याओं के निराकरण नही होने की दशा में उनके समर्थन में दिनांक 25 एवं 26 फरवरी को रीवा जिले के समूर्ण पटवारी भी प्रदेश के पटवारियों के साथ साथ सामूहिक अवकाश पर रहेगे. अगर मांगो का निराकरण नही हुआ तो प्रदेशव्यापी आंदोलन होगा.

संभागीय अध्यक्ष पटवारी संघ के जवाहरलाल शुक्ला, जिलाध्यक्ष अनन्त प्रताप सिंह, जिला सचिव रवि विश्वकर्मा, अमित मिश्रा, सन्तोष पांडेय, अनिल मिश्रा मौजूद रहे.

# अवैध उत्खनन और परिवहन पर शिकंजा कसेगी टास्क फोर्स

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 फरवरी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में खनिज विभाग की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न हुई.**

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर कड़ी निगरानी रखें तथा अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय. उन्होंने खनिज अधिकारी को निर्देशित किया कि जवा अन्तर्गत टमस नदी से अवैध उत्खनन की शिकायतों प्राप्त होती हैं उस पर सख्ती से अंकुश लगायें. कलेक्टर ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिशा निर्देशानुसार रायल्टी जमा करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें.

उन्होंने वन विभाग के अधिकारी को चूना, पत्थर के उत्खनन के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश बैठक में दिये. इस दौरान विभागीय अधिकारी मौजूद रहे.



# मैहर पुतला दहन घटना की जांच को लेकर कांग्रेस ने आईजी को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 फरवरी, गत दिनों मैहर में कांग्रेस पार्टी द्वारा किए जा रहे पुतला दहन दौरान अचानक हुई आगजनी की घटना की निष्पक्ष जाँच कराये जाने कांग्रेस पार्टी ने आईजी को ज्ञापन सौंप कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की.**

ज्ञापन में बताया गया कि काग्रेस पार्टी द्वारा 20 फरवरी को अलाउद्दीन चौराहा के पास जिला काग्रेस मैहर के तत्वाधान में पुतला दहन किया जा रहा था इसी दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा बगैर समुचित बचाव साधन के पुतला दहन करते समय लगी पुतले में आग को छीना झपटी के दौरान आहत विकम पाठक यातायात प्रभारी के साथ अप्रिय घटना हो जाने के दौरान थाना प्रभारी मैहर ने बिना जॉच किये हुये एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियो के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया. आईजी ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही का आश्वासन दिया है.

जिला कांग्रेस मैहर अध्यक्ष धर्मेश घई, प्रदेश कांग्रेस महासचिव व मैहर जिला प्रभारी गुरमीत सिंह मंगू के नेतृत्व में ज्ञापन पत्र सौंप कर न्याय उचित कार्यवाही की मांग की गई. इस दौरान कांग्रेस नेता रमाशंकर सिंह, अरुण तनय मिश्रा, बैजनाथ कुशवाहा, पार्षद मनीष नामदेव महेंद्र त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा, शुभम सोनी आदि उपस्थित रहे.

# निगम आयुक्त ने प्रतिदिन दस लाख वसूली का दिया लक्ष्य

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 फरवरी, निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने राजस्व वसूली के संबंध में समीक्षा बैठक ली. इस दौरान उन्होंने वसूली की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रतिदिन जोनवार 10 लाख रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया जाए तथा सभी वार्ड प्रभारी प्रतिदिन वसूली सुनिश्चित करें.**



कुर्की की कार्यवाही में धीमी प्रगति पर फटकार लगाते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के रूप में जोनवार अलग-अलग दल गठित कर कुर्की की कार्यवाही की जाए. कुर्की की कार्यवाही में लापरवाही बरतने पर सहायक राजस्व अधिकारी को निलंबन का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. निगम आयुक्त ने बकाया करों की वसूली को लेकर कहा कि जो बकायादार निर्धारित समय में बकाया राशि जमा नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध तालाबंदी एवं कुर्की की कार्यवाही सख्ती से की जाए. बिना सूचना अनुपस्थित पाए जाने पर दो सहायक राजस्व निरीक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए.

बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, सहायक राजस्व अधिकारी मौजूद रहे.

### प्रशिक्षण आज

**रीवा, 23 फरवरी,** कोषालय में प्रस्तुत किये जाने वाले देयकों के संबंध में सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण 24 फरवरी को आयोजित किया गया है. कलेक्ट्रेट में अपरान्ह 3 बजे से आयोजित प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश कोषालय संहिता के वित्तीय नियमों के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण दिया जायेगा. कलेक्टर ने प्रशिक्षण में पहुंचने के निर्देश दिये है.

# मनगवां थाना प्रभारी सहित दो आरक्षक निलंबित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 फरवरी, मनगवां थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह धाकड़ सहित दो आरक्षको को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है.**

यह कार्यवाही रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत के निर्देश पर की गई. इस कार्यवाही से पुलिस महकमे में हडकम्प मचा हुआ है. दरअसल एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही के दौरान प्राप्त शिकायत के संबंध में जांच कराई गई थी. जांच के बाद प्रथम दृष्टया गड़बड़ी मिली, जिसके बाद तीनो पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही की गाज गिरी है. निलंबित किए गए आरक्षकों में बृजकिशोर और विजय यादव के नाम शामिल हैं. विभागीय सूत्रों के अनुसार संबंधित प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उच्च अधिकारियों ने जांच के बाद यह कदम उठाया है. बताया जाता है की कर्तव्य में लापरवाही और विभागीय अनुशासनहीनता को लेकर यह कार्रवाई की गई है. वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि अनुशासनहीनता या कदाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. किसी को बक्सा नही जाएगा.